इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून

भारतीय वन सेवा (परि.) – 2019-21 पाठ्यक्रम

अवधि : दो घंटे **विषय- राष्ट्रभाषा** अंक: 100

**नोट:** *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।*

*****************************************************

**प्रश्न 1 : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर, नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** 10

*कोरोना के कारण आज पूरा विश्व सहमा हुआ है। इस कठिन समय ने हमें न केवल अपने अकेलेपन से परिचित कराया है अपितु हमें अपनी पुरानी अच्छी आदतों की ओर लौटने पर विवश भी किया है। लॉकडाउन के कारण न केवल देश अपितु पूरा संसार ही अपने-अपने घरों में कैद रहा है। इस दौरान हमने अपने परिवार के साथ बहुत से अच्छे कार्य किए जिनमें सुबह उठकर योग और व्यायाम करना, घर के गमलो में लगे पौधों की देखभाल करना, घर के बुजुर्गों से बात करना और उनका हालचाल जानना आदि। इस दौरान हमने यह भी समझा कि घर चलाने में घर की महिला सदस्यों का कितना अधिक योगदान है। यह सच है कि अधिकांश घरों की आमदनी का जरिया घर के पुरुष सदस्य होते हैं किंतु घर को बजट के अनुसार चलाने और सुबह से शाम तक बिना थके घर के हर सदस्य की जरूरतों का ध्यान रखने में हमारे घरों की माताएं और बहने अपना भी ध्यान रखना भूल जाती हैं। घर के बच्चों ने सुबह-सुबह अपने दादा-दादी को पूजा करते हुए देखा और उनसे पूजा करना सीखा। सबसे बढ़कर, हमने किताबों को फिर से पढ़ना शुरू कर दिया। सच है कि समय कितना भी बुरा हो, अपने साथ कुछ न कुछ अच्छा लेकर आता है।*

i) आज पूरा विश्व किस बीमारी से सहमा हुआ है?

ii) ऐसे चार अच्छे कार्य या आदतें बताइए जो लॉकडाउन में मनुष्य ने घर में रहकर फिर से सीखीं।

iii) अधिकांश घरों में परिवार की आमदनी का मुख्य जरिया कौन होता है?

iv) किस कार्य को करने में घर की महिला सदस्य खुद अपना ध्यान रखना भी भूल जाती हैं?

v) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

**प्रश्न 2: निम्नलिखित में से किसी एक पैराग्राफ का हिंदी अनुवाद करें :** 20

a) Teachers are respected for their important contribution in shaping their students. 5th of September is annually celebrated as Teachers' day in India. This is actually the birthday of the former President of India, Dr. S. Radhakrishnan. Teachers have their immense importance in nurturing the future of every country. In India, teachers have been regarded as pioneer since ages.

Teachers also come across numerous challenges in their day to day activities and dealing with disciplinary issues of their students is one of them. Today most of the young students lacking discipline and respect towards their elders and teachers as well.

b) While we got independence from British rule on August 15, 1947, our country was still lacking a concrete constitution. Moreover, India also did not have any experts and political powers which would help in the functioning of the state affairs smoothly. Therefore, there was a dire need to form an exclusive constitution that would reflect all that India stands for. Thus, a constitution drafting committee led by Dr. B.R. Ambedkar prepared a draft and it was presented to the Constituent Assembly by on November 4, 1947. This whole was a lengthy procedure and took up to 166 days to complete. At last, they presented the official Indian constitution to the country on January 26, 1950. Thus, this day is very important as it marks the end of the British rule and birth of India as a Republic State.

**प्रश्न 3: निम्नलिखित में से किसी एक पैराग्राफ का अंग्रेजी में अनुवाद करें :** 20

a) जीवन में खेलों का बहुत महत्व है। स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखने के लिए खेल बहुत आवश्यक है। इनके बिना जीवन में नीरसता उत्पन्न हो जाती है। मनुष्य में आलस्य बढ़ने लगता है और शारीरिक क्षमता का विकास भी रूक जाता है।

खेल कई प्रकार के होते हैं। कई खेल खुले मैदान में ही खेले जा सकते हैं तो कई खेल कमरे के अन्दर बैठे बैठे भी खेले जा सकते हैं। कमरे के अन्दर खेले जाने वाले खेलों में मनोरंजन होता है, परन्तु शरीर में फुर्ती नहीं आती। आउटडोर खेलों में हाकी एक लोकप्रिय है। हमारे देश का यह अत्यधिक प्रिय और सम्मानित खेल है और इसे भारत के राष्ट्रीय खेल होने का गौरव प्राप्त है। सन 1908 में यह खेल पहली बार ओलम्पिक में भी खेला गया था। भारत में इसका प्रचलन पिछली शताब्दी में हुआ है। आधुनिक हाकी खेल का आरम्भ अंग्रेजी शासन के साथ हुआ है। ध्यानचंद ने हाकी के खेल में खूब नाम कमाया है।

b) आज का युग विज्ञान का युग है। इस युग में मनोरंजन के अनेक साधन हमें उपलब्ध हैं। इनका सदुपयोग करके हम अपने जीवन को आनंदमय कर सकते हैं। जिस प्रकार शरीर का नीरोग रखने के लिए अच्छे भोजन की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार जीवन में आनंद के

लिए भी मनोरंजन की आवश्यकता होती है। मनोरंजन के मुख्य रूप से दो प्रकार हैं। ऐसे मनोरंजन के साधन जिनका उपयोग घर में बैठे बैठे किया जा सकता है और ऐसे साधन जिनका उपयोग हम घर से बाहर निकल कर कर सकते हैं। अब से कुछ वर्षों पहले तक रेडियो मनोरंजन का महत्वपूर्ण साधन था। आज उसका स्थान मोबाइल फोन और अन्य पोर्टेबल उपकरणों ने ले लिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' से रेडियो की लोकप्रियता एक बार फिर बढ़ने लगी है। आज भी ग्रामीण जीवन में रेडियो का अत्यन्त महत्व है।

**प्रश्न 4: निम्नलिखित शब्दों/वाक्यांशों में से किन्ही 10 को हिंदी में लिखिए:** 10

- i) Approval
- ii) Office Order
- iii) Suggestions
- iv) Please put up the draft letter
- v) Working hours
- vi) Demi Official Letter
- vii) Casual Leave
- viii) Office Memorandum
- ix) Director General
- x) Necessary action
- xi) Thirteen
- xii) Reminder
- xiii) As directed
- xiv) Needful has been done

**प्रश्न 5: निम्नलिखित शब्दों/वाक्यांशों में से किन्ही 10 को अंग्रेजी में लिखिए :** 10

- i) कार्रवाई की जा रही है
- ii) निविदा सूचना
- iii) प्रमाणपत्र
- iv) भारतीय वन सर्वेक्षण
- v) मुख्य वन संरक्षक
- vi) पैंतालीस
- vii) कार्यालय अधीक्षक
- viii) कार्यभार
- ix) प्रेस नोट
- x) दिन प्रति दिन
- xi) पितृत्व छुट्टी
- xii) संकल्प
- xiii) मैं सहमत हूँ
- xiv) आदेश के लिए प्रस्तुत है

**प्रश्न 6: निम्नलिखित वाक्यों में उचित संज्ञा/सर्वनाम/क्रिया शब्द भरकर वाक्य पूर्ण करें –** 05

- i) कोरोना के कारण बहुत से ..................... बेरोजगार हो गए हैं।
- ii) भारत सरकार ......................... में फंसे भारतीयों को वापस जाने के लिए प्रयास कर रही है।
- iii) रूस ने ................. की पहली वैक्सीन बनाने का दावा किया है।
- iv) गरमी के कारण जंगलों में ......................... लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं।
- v) पूर्व भारतीय कप्तान महेन्द्र सिंह धौनी ने ............................... से संन्यास की घोषणा की है।

**प्रश्न 7: निम्नलिखित शब्दों में से सही वर्तनी (spelling) चुनकर लिखो -** 05

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| i) | राष्ट्रीय | राशट्रीय | राषट्रीय | राष्टरीय |
| ii) | आर्शीवाद | आशीर्वाद | आशीरवाद | आषीरवाद |
| iii) | सुवर्ण | स्बर्ण | स्वर्ण | स्वरण |
| iv) | असतबल | अस्तबल | असत्बल | अस्तब्ल |
| v) | साहितय | साहीत्य | साहित्य | सहित्य |

**प्रश्न 8:निम्नलिखित में से 10 शब्दों के विलोम (antonyms) शब्द लिखें –** 05

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i) | पास | ii) | बड़ा | iii) | आना | iv) | रात |
| v) | हित | vi) | नया | vii) | निर्दयी | viii) | अनुकूल |
| ix) | बड़ा | x) | अमृत | xi) | सजीव | xii) | आयात |

**प्रश्न 9: निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखो –** 05

- i) हम अभी-अभी चाय पिया है।
- ii) अनेकों विद्यार्थी खेल रहे हैं।
- iii) अपनी पुस्तक मेरे को दे दीजिए।
- iv) आपका बेटी पुस्तक पढ़ रहा है।
- v) कल रात बहुत तेज बारिश हुआ।

**प्रश्न 9: i)** कोरोना के कारण आप अपने-अपने घर में बन्द रहने के लिए विवश रहे। इस दौरान आपने क्या-क्या अच्छे कार्य किए। एक लघु निबंध लिखो। **<u>अथवा / OR</u>** 10

**ii)** निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के नाम मेडिकल आधार पर 5 दिनों की छुट्टी के लिए प्रार्थनापत्र लिखिए।